## महत्वपूर्ण एवं खास

### सीडीकांड के शिकायतकर्ता प्रकाश बजाज ने मांगी पुलिस से सुरक्षा

रायपुर (आरएनएस)। मंत्री राजेश मूणत की कथित अश्लील सीडी मामले में मुख्य शिकायतकर्ता प्रकाश बजाज ने पुलिस को पत्र लिखकर स्वयं व परिवार की सुरक्षा की मांग की है।

पंडरी थाना पुलिस के साथ ही एसएसपी को लिखे पत्र में श्री बजाज ने कहा कि वर्तमान स्थिति को देखते हुए उन्हें अपनी व परिवार की जान की चिंता सता रही है। मौजूदा वक्त में जिस तरह के प्रदर्शन हो रहा है वो लोकतांत्रिक ढंग से नहीं हो रहा है। सोशल मीडिया में जिस तरह की बातें सामने आ रही हैं, उसे देखे हुए उन्हें स्वयं की जान का व परिवार की सुरक्षा की चिंता सता रही है, परिवार में भय व्याप्त हो गया है, जिसकी वजह से वे सुरक्षा के लिए पत्र लिख रहे हैं। ज्ञात हो कि कथित सीडी मामले में प्रकाश बजाज ने ही पुलिस में शिकायत की थी।

### पैसे के लेन देन पर चला चाकू पिता की मौत

#### पुत्र घायल भगत चौक जांजगीर की घटना

जांजगीर चांपा (आरएनएस)। जांजगीर के भगत चौक में सोमवार की रात 10 बजे पैसे के लेन देन पर प्रमोद राठौर और निरजंन राठौर ने विष्णु बरेठ व उसके बेटे गौरीशंकर पर चाकू से हमला कर दिया। जिससे दोनो को गंभीर अवस्था मे खून से लथपथ होकर कोतवाली पहुंचे। पुलिस ने उन्हे जिला चिकित्सालय मे मुलाइजा के लिए भेज दिया। वही जिला चिकित्सालय मे डाक्टरों ने हालत को देखते हुऐ बिलापुर रेफर कर दिया। बिलासपुर जाते रास्ते में ही विष्णु 70 की मौत हो गई वही उसका बेटा गंभीर रूप से घायल हैं। पुलिस ने घटना की जानकारी लेकर जांच कर रही है। वही कोतवाली टीआई के अनुसार आरोपी की गिरप्तारी की गई।

### भालू के हमले से अधेड़ घायल

कवर्धा (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ मध्यप्रदेश के सीमावर्ती क्षेत्र कवर्धा जिले के मंडला मध्यप्रदेश से सटे कान्हा नेशनल पार्क में एक जंगली भालू ने अधेड़ व्यक्ति के ऊपर हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। घायल व्यक्ति को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक भालू ने व्यक्ति के चेहरे को पुरी तरह नोंच लिया है जिसके कारण वह लहूलूहान अवस्था में गिर पड़ा। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार घटना ग्राम मोती नाला की है। भालू के हमले में घायल हुआ व्यक्ति का नाम श्यामलाल उम्र 50 वर्ष है जो घर के बाहर टहल रहा था तभी उस पर भालू ने हमला कर दिया।

### गणेश विसर्जन के दौरान हुआ विवाद : आवेश में आकर चाकू से किया हमला एक की मौके पर मौत

पाटन (आरएनएस)। रविवार को जहां लोग गांव में एक ओर गणपति की मूर्तियों के विसर्जन करने में लगे हुए थे। भक्तिमय माहौल में डीजे और ढोल नगाड़े की धुन में नाचते गाते बप्पा की बिदाई करने में व्यस्त थे ।वहीं दूसरी ओर इस भक्तिमय माहौल में डीजे की धून में नाचने के नाम पर झगड़ा हो गया जिसमें युवकों द्वारा चाकूबाजी की घटना को अंजाम दे दिए। जिससे गणेश विर्सजन करने जा रहे एक युवक की मौत हो गई।

### पुलिस विभाग में सूबेदार/उप निरीक्षक संवर्ग के पदों की पूर्ति के लिए ऑन लाइन आवेदन 1 अक्टूबर तक

रायपुर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ पुलिस विभाग के सूबेदार/उप निरीक्षक संवर्ग एवं प्लाटून कमांडर के पदों की पूर्ति हेतु ऑन लाइन आवेदन पत्र भरने की अंतिम तिथि 25 सितम्बर 2018 तक बढ़ाई गई थी। पुलिस मुख्यालय छत्तीसगढ़, अटल नगर रायपुर से प्राप्त जानकारी के अनुसार सूबेदार/उपनिरीक्षक संवर्ग एवं प्लाटून कमांडर के पदों की पूर्ति हेतु ऑनलाइन आवेदन पत्र भरने की अंतिम तिथि 01 अक्टूबर 2018 तक बढ़ाई गई है।

### नक्सलियों द्वारा बिछाया दो प्रेशर बम बरामद

सुकमा (आरएनएस)। चिंतागुफा थाने से एरिया डोमिनेशन के लिए निकली सीआरपीएफ 150 बटालियन के जवानों ने सुबह चिंतागुफा से मिनपा के रास्ते से 2-2 किलो वजनी दो प्रेशर आईईडी बरामद कर उसे सुरक्षित तरीके से नष्ट कर दिया। गौरतलब है कि नक्सलियों द्वारा सुरक्षाबलों को नुकसान पहुंचाने की मंशा से जगह-जगह मौत का सामान बिछा रखा है। बीते दस दिनों में तीन प्रेशन आईईडी की चपेट में आकर एक महिला समेत तीन ग्रामीणों की मौत हो गई।

### बाईक की ठोकर से बालिका की मौत, 3 घायल

जगदलपुर (आरएनएस)। भानपुरी थाना क्षेत्र के फरसागुड़ा गांव में मोटरसायकल की ठोकर से 16 वर्षीय बालिका रोशनी राठौर की मौत हो गयी और 3 घायल हो गए।

प्राप्त जानकारी अनुसार ग्राम फरसागुड़ा में गणेश उत्सव के अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम रखा गया था। गांव की बसंती चौधरी (40), प्रेम चौधरी (35), पिंकी चौधरी (17) के साथ गांव की ही रोशनी राठौर (16) भी कार्यक्रम देखने रोजगारी पारा से ग्राम पंचायत जा रहे थे तभी अचानक ग्राम घोड़ागांव की ओर से बाइक क्रमांक सीजी 17 के एच 6125 में सवार जट्टूराम पिता बोमला राम ग्राम पंचायत बाकेल के अमडीगुड़ा निवासी रोजगारी पारा के पास तेज रफ्तार से जोरदार टक्कर मारी जिसमें रोशनी राठौर पिता लच्छू राम की अस्पताल ले जाते वक्त मौत हो गई वहीं बसंती चौधरी को गंभीर चोट पहुंची है। पिंकी चौधरी, प्रेम चौधरी को भी चोट पहुंची सभी घायलों का अस्पताल में उपचार चल रहा है। बाइक चालक को ग्रामीणों ने पकड़ कर पुलिस के हवाले किया मृतक रोशनी राठौर फरसागुड़ा स्कूल में कक्षा 11वीं की छात्रा थी। शव का पोस्टमार्टम करने के पश्चात परिजनों को सौंपा गया।

### निगम ने व्यवसायिक मार्गो की झाड़ू लगाकर सफाई करवायी

रायपुर (आरएनएस)। नगर निगम जोन 6 स्वास्थ्य विभाग द्वारा सफाई मित्रों की सहायता से स्वच्छ भारत मिषन के तहत स्वच्छ सर्वेक्षण 2019 के अंतर्गत जोन 6 के व्यवसायिक क्षेत्र मार्गो में संजय नगर तिराहा से लेकर मिश्रा होटल मुख्य मार्ग क्षेत्र तक मुख्य मार्ग की झाड़ू लगाकर दिन की द्वितीय पाली में सफाई करवाकर कचरा उठवाकर परिवहन करवाते हुए स्वच्छता अभियान चलाकर महिला सफाई मित्रो की सहायता से कायम की। अभियान स्वच्छ सर्वेक्षण 2019 के तहत आगे भी नगर के विभिन्न आवासीय एवं व्यवसायिक क्षेत्रों में स्वच्छता कायम करने दिन की दूसरी पाली में सतत जारी रहेगा।

# अटल विकास यात्रा 2018 : सरकार की योजनाओं से गरीबों और किसानों के जीवन में आयी खुशहाली: डॉ रमन सिंह

## कोटाडोल को पूर्ण तहसील का दर्जा देने की घोषणा, भरतपुर में 65.62 करोड़ के 66 कार्यों का लोकार्पण-भूमिपूजन



रायपुर (आरएनएस)। मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह ने कहा है कि एकात्म मानववाद के प्रवर्तक पंडित दीनदयाल उपाध्याय ने दुनिया के सामने अंत्योदय की विचारधारा रखी। राज्य सरकार अंत्योदय को लक्ष्य बनाकर कार्य कर रही है। सरकार की योजनाओं से गरीबों और किसानों के जीवन में खुशहाली आयी है। मुख्यमंत्री आज कोरिया जिले के विकासखण्ड मुख्यालय भरतपुर में अटल विकास यात्रा के अंतर्गत आयोजित विशाल आमसभा को सम्बोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने आज पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर उन्हें याद करते हुए श्रद्धांजलि दी। मुख्यमंत्री ने कोटाडोल को पूर्ण तहसील का दर्जा देने की घोषणा की। उन्होने कहा कि 10 हजार जनसंख्या का प्रमाण पत्र देने पर जनकपुर को तत्काल नगर पंचायत का दर्जा भी दिया जायेगा। उन्होने जनकपुर में सामुदायिक शेड के लिए 10 लाख रूपये की मंजूरी और मुक्तिधाम तथा शव वाहन की स्वीकृति भी उन्होंने प्रदान की।

डॉ. सिंह ने अपार जनसमूह का अभिवादन करते हुए कहा कि मां बम्लेष्वरी के आषीर्वाद से प्रारंभ यह अटल विकास यात्रा आज कोरिया जिले के मां चांग देवी की पावन धरा पहुंची है। यह यात्रा जनता के विष्वास की यात्रा है। इस यात्रा से उन्हें जनता का आषीर्वाद मिल रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि देश के पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी ने छत्तीसगढ राज्य का निर्माण किया। उनके स्मृति में इस यात्रा को अटल विकास यात्रा नाम दिया गया है। राज्य निर्माण के समय छत्तीसगढ़ में भूख और पलायन का दौर था। आज इन चुनौतियों से उबरकर छत्तीसगढ़ तेजी से विकास के रास्ते पर आगे बढ़ रहा है। खाद्य सुरक्षा योजना के अंतर्गत गरीबों को एक रूपये किलो में चावल, उज्जवला योजना के माध्यम से रसोई गैस कनेक्षन, प्रधानमंत्री आवास योजना के माध्यम से पक्के आवास, स्मार्ट कार्ड के माध्यम से निःषुल्क इलाज की सुविधा, सडक पुल-पुलियों जैसी बुनियादी अधोसंरचनाओं का व्यापक स्तर पर निर्माण किया गया। इससे गरीबों के जीवन में बड़ा बदलाव आया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पुराने भरतपुर और आज के भरतपुर में जमीन आसमान का अंतर है। भरतपुर करवट बदल रहा है। यहां चौतरफा विकास हुआ है। स्वास्थ्य, षिक्षा सहित आवागमन के लिए बड़े पैमाने पर पुल-पुलियों का निर्माण और सडकों का जाल बिछा है। सौर सुजला योजना, बिना ब्याज के कृशि त्रृण, समर्थन मूल्य पर धान खरीदी, धान एवं तेंदूपत्ता की बोनस की राषि ने किसानों के चेहरों पर नई मुस्कान ला दी है और अब वे कंधा से कंधा मिलाकर राज्य के विकास में सहभागी बन रहे है। मुख्यमंत्री के पहुंचने पर स्वागत के लिए बड़ी संख्या में लोगों का सैलाब उमड़ पड़ा। लोक नृत्य, संगीत और परम्परागत तरीकों से मुख्यमंत्री का जोरदार अभिनंदन किया।

मुख्यमंत्री डॉ सिंह ने कहा कि राज्य सरकार ने 'अटल दृश्टि पत्र' के माध्यम से बडी सोच और बड़ी कल्पना के साथ राज्य निर्माण के रजत जयंती वर्श 2025 तक छत्तीसगढ़ को आधुनिक विकसित और स्मार्ट बनाने का लक्ष्य बनाया है। उन्होंने ने कहा कि पहले बीमारी होने पर लोगों को घर तक गिरवी रखना पडता था। छत्तीसगढ सरकार ने प्रदेष के सभी लोगों के लिए स्मार्ट कार्ड के माध्यम से साल में 50 हजार रूपये तक निःषुल्क इलाज की व्यवस्था की है। इससे आगे बढ़कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आजादी के बाद देष में पहली बार एक व्यापक और बड़ी स्वास्थ्य योजना ''आयुश्मान भारत योजना'' जनता को दी है। इस योजना के तहत पात्र लोगों और परिवारों को एक साल में 5 लाख रुपए तक का निःशुल्क इलाज चिन्हित अस्पतालों में मिलेगा। उन्होंने कहा कि इससे लिवर, हार्ट, कैंसर, ब्रेन आदि की जटिल से जटिल बीमारी का भी निःषुल्क इलाज हो सकेगा। अब लोगों को चिकित्सा मदद के लिए किसी के सामने हाथ फैलाने की जरूरत नहीं होगी और न हीघर-जमीन बेचने की नौबत आएगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि समर्थन मूल्य पर धान की खरीदी एक नवम्बर से षुरू हो जाएगी। किसानों को इस बार धान खरीदी के साथ-साथ बोनस राषि का तत्काल भुगतान भी किया जाएगा। केंद्र शासन द्वारा बढ़ाये गये 200 रुपए के समर्थन मूल्य और राज्य शासन द्वारा स्वीकृत तीन सौ रूपए बोनस राशि को मिलाकर किसानों को इस साल कामन धान के लिए 2050 रुपए प्रति क्विंटल और पतला धान के लिए 2070 रुपए क्विंटल का भुगतान किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि महिला सषक्तिकरण को बढ़ावा देते हुए 40 लाख महिलाओं को स्मार्ट फोन प्रदान किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्श 2022 तक सभी गरीब परिवारों का पक्के मकान का सपना साकार होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गरीब लोगों को प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के तहत गैस कनेक्षन प्रदान कर उन्हें चूल्हे के धुएं और लकड़ी की चिंता से मुक्ति दी है।

श्रम, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री भईयालाल राजवाड़े ने कहा कि भरतपुर क्षेत्र जिसे पहले लोग काला पानी कहा करते थे, अब यह हीरा पानी के रूप में बदल गया है। पहले जहां यहां आने में दिनभर का समय लग जाता था, अब दो-तीन घंटे में ही पहुंचा जा सकता है। संसदीय सचिव एवं भरतपुर-सोनहत क्षेत्र की विधायक श्रीमती चंपादेवी पावले ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह हमेषा गरीबों के उत्थान के लिए चिंतित रहते हैं। गरीबों के लिए अनेक कल्याणकारी योजनाओं का संचालन कर उन्हें आर्थिक रूप से सबल बनाने का कार्य किया। भरतपुर क्षेत्र में षिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, पुल-पुलिया आदि विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य किये गये हैं।

# पुनिया-सिंहदेव के साथ कांग्रेस के सभी बड़े नेता गिरफ्तार



रायपुर (आरएनएस)। मंत्री मूणत के कथित सीडीकांड में पीसीसी प्रमुख भूपेश बघेल की गिरफ्तारी का विरोध करते हुए आज प्रदेश भर में कांग्रेसजनों ने जेल भरो आंदोलन किया। राजधानी रायपुर में पीसीसी के प्रभारी पीएल पुनिया सहित टीएस सिंहदेव और अन्य वरिष्ठ नेताओं को गिरफ्तार किया गया। वहीं प्रदेश के अन्य शहरों में भी कांग्रेसजनों ने अपनी-अपनी गिरफ्तारियां दी।

जेल भरो आंदोलन को असफल करने पुलिस प्रशासन ने अपनी पूरी ताकत झोंक दी, लेकिन कांग्रेसी अपने आंदोलन में एक तरह से पूरी तरह से सफल हो गए। राजधानी में जहां कांग्रेसजनों ने पुलिस को चकमा देकर केन्द्रीय जेल पहुंच कर अपनी गिरफ्तारी की मांग की तो वहीं पुलिस ने आंदोलन को दबाने कल रात से ही गिरफ्तारियां शुरू कर दी थी। इसके तहत बस्तर, सरगुजा संभाग से आने वाले कांग्रेस के जनप्रतिनिधियों और विधायकों को कल रात में ही गिरफ्तार कर लिया गया था। कई कांग्रेस नेताओं को उनके घर में ही नजर बंद कर दिया गया। इधर पीसीसी प्रमुख की गिरफ्तारी की सूचना मिलते ही आज प्रदेश कांग्रेस प्रभारी पीएल पुनिया भी पहुंच गए। प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय राजीव भवन में सभी दिग्गज कांग्रेसी एकत्रित हुए, यहां रणनीति बनी और इसके बाद आंदोलन को तेज कर दिया गया। कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी पीएल पुनिया, नेता प्रतिपक्ष विधानसभा टीएस सिंहदेव, डा. चरणदास महंत, रविन्द्र चौबे, मोहम्मद अकबर, सत्यनारायण शर्मा, कार्यकारी अध्यक्ष शिव कुमार डहरिया सहित कांग्रेस के अन्य नेताओं को पुलिस ने मंडी गेट के पास रोक लिया। नेताओं को रोके जाने के बाद कांग्रेस कार्यकर्ता भड़क गए और पुलिस-कांग्रेसजनों के बीच यहां जमकर झूमाझटकी हुई। इसे देखते हुए कांग्रेस के सभी नेता सड़क पर ही बैठ गए। बाद में पुलिस ने सभी कांग्रेस नेताओं की गिरफ्तारी का ऐलान कर लिया। इधर कांग्रेस प्रवक्ताओं ने एकस्वर में आंदोलन को सफल बताते हुए कहा कि कांग्रेसजन पहले ही ऐलान कर चुके थे कि आज पीसीसी प्रमुख भूपेश बघेल के समर्थन में जेल भरो आंदोलन किया जाएगा, पुलिस प्रशासन ने कांग्रेस का काम आसान करते हुए कल रात से ही गिरफ्तारी शुरू कर दी थी। आज सुबह भी पुलिस ने ताबड़तोड़ कार्यवाही करते हुए प्रत्येक जिले से कांग्रेस नेताओं व पदाधिकारियों की गिरफ्तारी की है, इस तरह कांग्रेस का आंदोलन पूरी तरह से सफल हो गया है।

# मारपीट के तीन मामले में अपराध दर्ज

कोरबा (आरएनएस)। कोतवाली व दर्री क्षेत्र में मारपीट का मामला प्रकाश में आया है। पुलिस दोनों मामलों में अपराध दर्ज कर विवेचना आरंभ कर दी है। जानकारी के अनुसार कोतवाली थाना क्षेत्र के पुरानी बस्ती में आपसी रंजिश को लेकर भाया देवांगन पति रवि देवांगन 25 वर्ष का विवाद वहीं रहने वाली उषा गोड़ के साथ चला आ रहा था। कल पुरानी रंजिश को लेकर दोनों के बीच विवाद की स्थिति निर्मित हो गई। उषा तैश में आकर भाया की जमकर पिटाई कर दी।

इसी थाना क्षेत्रांतर्गत सामुदायिक भवन में आपसी रंजिश को लेकर टिकेश्वर पटेल पिता रामायण पटेल निवासी चंद्रनगर ने कमलेश पटेल पिता परदेशी पटेल 24 वर्ष की पिटाई कर दी। दर्री थाना अंतर्गत नीलगिरी बस्ती में दो पक्षों के बीच मारपीट का मामला प्रकाश में आया है। पुलिस इस मामले में काऊंटर अपराध दर्ज कर विवेचना आरंभ कर दी है। नीलगिरी बस्ती निवासी रनमत देवी पति सुनील चौहान 47 वर्ष का विवाद उसी बस्ती में रहने वाले जितेन्द्र यादव पिता त्रिभुवन यादव 30 वर्ष व दो अन्य के साथ चला आ रहा था। आपसी रंजिश को लेकर 13 सितंबर को दोनों पक्ष आपस में भिड़ गए और एक दूसरे की जमकर पिटाई कर दी। उभयपक्षों की रिपोर्ट के आधार पर दर्री पुलिस इस मामले में काऊंटर अपराध दर्ज कर विवेचना आरंभ कर दी है।

## घासीदास यूनिवर्सिटी ने 62 परीक्षा परिणाम घोषित किए

बिलासपुर (आरएनएस)। गुरु घासीदास विश्वविद्यालय के परीक्षा विभाग द्वारा सत्र 2017-18 के विभिन्न पाठ्यक्रमों (ऐ.टी.के.टी.) के परीक्षा अब तक कुल 62 परीक्षा परिणाम घोषित कर दिये गये है। बीएससी आनर्स संगणक विज्ञान (अंडर 5 इंयर इंटिग्रेटेड प्रोग्राम) छठा सेमेस्टर ऐ.टी.के.टी, बीएसडब्लयू द्वितीय सेमेटर ऐ.टी.के.टी, बीए आनर्स अंग्रेजी (अंडर 5 ईयर इंटीग्रेटेड प्रोग्राम) द्वितीय सेमेस्टर ऐ.टी.के.टी., बीए आनर्स पत्रकारिता एवं जनसंचार (अंडर 5 ईयर इंडिग्रेटन प्रोग्राम) द्वितीय सेमेस्टर ऐ.टी.के.टी., बीएससी ऑनर्स वानिकी छठा छठा सेमेस्टर ऐ.टी.के.टी, बीएससी ऑनसे ग्रामीण प्रौद्योगिकी (अंडर 5 ईयर इंटीग्रेटेड प्रोग्राम) द्वितीय सेमेस्टर ऐं.टी.के.टी., बीएससी ऑनर्स भौतिक विज्ञान (अंडर 5 ईसर इंटिग्रेटेड प्रोग्राम) छठा सेमेस्टर ऐ.टी.के.टी., बीएससी ऑनर्स रसायन विज्ञान (अंडर 5 ईयर इंटिग्रेटेड प्रोग्राम) छठा सेमेस्टर ऐ.टी.के. टी. प्रोग्राम, बीएससी ऑनर्स मानव शास्त्र (अंडर 5 ईयर इंटिग्रेटेड प्रोग्राम) द्वितीय सेमेस्टर ऐ.टी. के.टी. के परीक्षा परिणाम घोषित कर दिये है।

## वर्षो से फरार आरोपी क्राईम ब्रांच के हत्थे चढ़ा

#### अभियान के दौरान गिरफ्तार

भिलाई (आरएनएस)। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में पुराने शातिर फरार आरोपियों, बेमियादी वारंटियों एवं अन्य वारंटियों से जानकारियां एकत्र कर एवं विश्वसनीय मुखबिरों से सूचना संकलित कर पूरे जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों के निवासी फरार आरोपियों एवं न्यायालय द्वारा जारी गिरफ्तारी वारंट के वारंटियों को घेराबंदी कर पकड़ा गया फरार आरोपियों के धरपकड़ के लिए चलाए गए विशेष अभियान के तहत 01 फरार आरोपी का दो अलग-अलग प्रकरण में वारंट जारी हुआ था जिसे पकड़कर संबंधित न्यायालय में पेश किया गया है। चलाये गए विशेष अभियान के तहत क्राईम ब्रांच के कई टीम दिन रात लगातार वरिष्ठ अधिकारियों के दिशानिर्देश में मेहनत करके वर्षों से फरार रहकर पुलिस को चकमा देकर अदालत की अवहेलना करने वाले फरार आरोपी कपिल अग्रवाल का गिरफ्तारी वारंट जारी किया था जो कई साल से गिरफ्तारी नहीं हुई थी जो कि फरार था जिसे गिरफ्तारी वारंट के तहत पकड़कर संबंधित थाना मोहन नगर एवं पुलगांव के सुपुर्द किया गया।

## पुरानी रंजिश को लेकर युवक की पिटाई हुई

बिलासपुर (आरएनएस)। पुरानी रंजिश को लेकर तालापारा के एक युवक को रात 2 बजे एक युवक ने गाली गलौच करते हुये बेल्ट से पिटाई कर दी। जिसके बाद से आरोपी युवक फरार हो गया। सिविल लाइन पुलिस ने प्रार्थी की रिपोर्ट पर आरोपी के खिलाफ मारपीट का मामला दर्ज कर लिया है। सिविल लाइन पुलिस ने बताया कि लक्की धृतलहरे पिता विष्णु धृतलहरे तालापारा के नागदौने कालोनी के पास का रहने वाला है। जिसका बुज्जू सतमानी के साथ पुराना विवाद था। कल रात 2 बजे काम से लौटकर लक्की अपने घर जा रहा था। तभी उसे रास्ते में बुज्जू ने रोक कर गाली गलौच किया व जान से मारने की धमकी देते हुये बेल्ट से उसकी पिटाई कर दी। जिससे लक्की के सिर व पीठ में चोट लगा है। प्रार्थी की रिपोर्ट पर सिविल लाइन पुलिस ने आरोपी बज्जू सतनामी के खिलाफ मारपीट का मामला दर्ज कर लिया।

# राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 150वीं जयंती छत्तीसगढ़ में दो साल तक होंगे विविध आयोजन



रायपुर (आरएनएस)। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 150वीं जयंती छत्तीसगढ़ में भी उत्साह के साथ मनाई जाएगी। केन्द्र सरकार से मिले निर्देशों के अनुरूप राज्य शासन ने इसकी तैयारी शुरू कर दी है। इसके लिए दो वर्ष का कार्यक्रम बनाया जा रहा है। गांधी जी का 150वां जयंती स्मृति समारोह दो अक्टूबर 2018 से शुरू होगा और दो अक्टूबर 2020 तक चलेगा। इस अवधि में राजधानी रायपुर सहित राज्य के सभी जिलों में विभिन्न कार्यक्रम होंगे, जिनके सुव्यस्थित आयोजन के लिए मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह की अध्यक्षता में राज्य स्तरीय समिति का गठन किया गया है। सामान्य प्रशासन विभाग ने यहां मंत्रालय (महानदी भवन) अटल नगर से समिति गठन का आदेश जारी कर दिया है। समिति में 65 सदस्य मनोनीत किए गए हैं, इनमें राज्यसभा सांसद श्री मोतीलाल वोरा, लोकसभा सांसद श्री रमेश बैस, प्रदेश के पंचायत और ग्रामीण विकास मंत्री श्री अजय चंद्राकर, स्कूल शिक्षा और आदिम जाति विकास मंत्री श्री केदार कश्यप, उच्च शिक्षा और राजस्व मंत्री श्री प्रेमप्रकाश पाण्डेय, संस्कृति, पर्यटन और सहकारिता मंत्री श्री दयालदास बघेल, नगरीय प्रशासन, वाणिज्य और उद्योग मंत्री अमर अग्रवाल, खाद्य, नागरिक आपूर्ति और ग्रामोद्योग मंत्री पुन्नूलाल मोहले, पद्म विभूषण सम्मानित श्रीमती तीजन बाई सहित पद्मश्री अलंकरण से सम्मानित 15 नागरिको को भी शामिल किया गया है, जिनमें सर्वश्री श्यामलाल चतुर्वेदी, डॉ. महादेव प्रसाद पाण्डेय, डॉ. ए.टी.के दाबके, डॉ. अरूण शर्मा, डॉ. पुखराज बाफना, अनुज शर्मा, सुश्री सबा अंजुम, दामोदर गणेश बापट, जे.एम. नेल्सन, सुरेन्द्र दुबे, श्रीमती फूलबासन यादव, श्रीमती शमशाद बेगम, श्रीमती ममता चंद्राकर, स्वामी जी.सी.डी. भारती (भारती बंधु) और धर्मपाल सैनी भी शामिल है। उनके अलावा गांधीवादी विचारक कनक तिवारी और डी.के. प्रसाद, संगीत शिल्पी शेखर सेन, स्वच्छ भारत मिशन के तहत राज्य के स्वच्छता के नवरत्न सर्वश्री हरीश केडिया, बब्रुवाहन सिंह, एस.चंद्रशेकरण, स्वामी सत्यरूपानंद और वनवासी कल्याण आश्रम के जगदीश उरांव भी समिति में सदस्य मनोनीत किए गए हैं।

राज्य स्तरीय आयोजन समिति में प्रदेश सरकार के मुख्य सचिव, कृषि और पशुपालन विभाग, वन विभाग और पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के अपर मुख्य सचिव, जेल विभाग के प्रमुख सचिव, तकनीकी शिक्षा, कौशल विभाग, स्कूल शिक्षा, उच्च शिक्षा, लोक निर्माण, महिला एवं बाल विकास, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, संस्कृति एवं पर्यटन, नगरीय प्रशासन, ग्रामोद्योग विभाग के सचिव, आदिम जाति और अनुसूचित जाति विकास, समाज कल्याण और जनसम्पर्क विभाग के सचिव/विशेष सचिव को सदस्य के रूप में शामिल किया गया है। पंचायत संचालनालय के संचालक इस समिति के सदस्य सचिव होंगे।